छूट प्राप्त मदों (गोपनीय) की सूची -निदर्शी

- उप-समिति और सामान्य बैठकों सहित बोर्ड की बैठकों के कार्यवृत्त/कार्यसूची।
- ऋणकर्ताओं और डिस्कॉम के बीच विद्युत खरीद समझौते (करार)।
- तीसरे पक्षकारों के साथ संविदा और गोपनीयता खंड के साथ चल रही संविदाएं।
- व्यावसायिक विवरण सहित जानकारी।
- अकाउंट बैंकर के साथ निष्पादित किया गया ट्रस्ट और रिटेंशन अकाउंट एग्रीमेंट।
- परियोजना लागत और परियोजनाओं की अनुमानित लागत।
- सीओडी / पुनर्गठन / अन्य विवरण के रूप में परियोजनाओं का विवरण।
- वित्तपोषण और ऋणर्ताओं के साथ निष्पादित किए गए सुरक्षा दस्तावेज।
- तृतीय पक्षकार की बोलियां / निविदा दस्तावेज।
- वाणिज्यिक विश्वास, व्यापार के रहस्यों या बौद्धिक संपदा सहित जानकारी, जिसके प्रकटीकरण से तीसरे पक्षकार की प्रतिस्पर्धी स्थिति को नुकसान होगा।
- अंतरा (इंट्रा) - विभागीय और अंतर - विभागीय कागजातों में निहित कॉर्पोरेशन में विचार विमर्श की प्रक्रियाओं के उद्देश्य से कानूनी सलाह, राय और सिफारिशें।
- ऐसी सूचना, जिसके प्रकटीकरण से भारत की संप्रभुता और अखंडता, राष्ट्र की सुरक्षा, वैज्ञानिक या आर्थिक हित, अंतर्राष्ट्रीय संबंध प्रभावित होंगे या अपराध को बढ़ावा मिलेगा।
- ऐसी सूचना जिसे किसी भी कानून या न्यायाधिकरण द्वारा प्रकाशित करने से स्पष्ट रूप से मना किया गया है या जिसके प्रकटीकरण से न्यायालय की अवमानना हो सकती है।
- ऐसी सूचना, जिसके प्रकटीकरण से संसद या राज्य विधानमंडल के विशेषाधिकार का हनन होगा।
- किसी व्यक्ति को उसकी न्यासीय हैसियत में उपलब्ध सूचना।
- विदेशी सरकार से विश्वास में प्राप्त सूचना/जानकारी।
- सूचना, जिसके प्रकटीकरण से किसी भी व्यक्ति का जीवन या शारीरिक संरक्षा खतरे में पड़ जाएगी या कानून प्रवर्तन या सुरक्षा उद्देश्यों के लिए विश्वास में दी गई सूचना या सहायता के स्रोत की पहचान हो जाएगी।
- अधिवक्ताओं और अन्य सलाहकारों को देय शुल्क।
- अधिवक्ताओं / सलाहकारों / अन्य विशेषज्ञों से मांगी गई राय।
- कर्मचारियों / प्रबंधन की वार्षिक संपत्ति विवरणी / आयकर विवरणी (रिटर्न)।
- कर्मचारियों की कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रपत्र / रिपोर्ट / कर्मचारियों के पते और संपर्क विवरण।

- सतर्कता जांच रिपोर्ट।
- भविष्य की योजनाएँ और रणनीतियाँ।
- मूल्यांकन रिपोर्ट।
- कर्मचारियों की चिकित्सा रिपोर्ट।
- एचआर की आंतरिक नीतियां।
- कर्मचारी द्वारा पीएफ, ग्रेच्युटी के लिए किया गया नामांकन और कर्मचारियों का पता और फोन नम्बर आदि।
- ऐसी जानकारी जो व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित है जिसके प्रकटीकरण का किसी भी सार्वजनिक गतिविधि या हित से कोई संबंध नहीं है, या जो व्यक्ति की निजता के अनुचित उपयोग अर्थात दुरुपयोग का कारण बनेगी।
- प्रवर्तन उद्देश्यों के लिए संकलित किए गए अन्वेषणात्मक रिकॉर्ड, लेकिन केवल उस सीमा तक कि जिसके प्रकटीकरण से निम्नलिखित विनिर्दिष्ट हितों में से किसी को भी नुकसान पहुंचेगा:
    a) प्रवर्तन कार्यवाही
    b) निष्पक्ष परीक्षण (अदालती प्रक्रिया) या निष्पक्ष न्यायनिर्णयन
    c) व्यक्तिगत गोपनीयता
    d) अन्वेषणात्मक स्रोतों की गोपनीयता
    e) कानून प्रवर्तन कर्मियों की तकनीक, प्रक्रिया और संरक्षा।

- आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट / कानूनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट।
- सुरक्षा व्यवस्था आदि के कोई विवरण।